देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 17.05.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सितारगंज में सिसौना नदी पर लगभग 11 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 150 मीटर स्पान सीसी पुल का शिलान्यास किया।
- चमोली जिले में वित्तीय वर्ष 2026—27 की वार्षिक जिला योजना के अंतर्गत कुल 74 करोड़ 23 लाख 70 हजार रुपये की योजनाओं को अनुमोदित किया गया।
- आदि कैलाश ओम पर्वत यात्रा पर परिवहन विभाग द्वारा धारचूला गूंजी में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया।
- **और,** टिहरी जिले में जिला प्रशासन की अभिनव पहल, ''माई ब्लॉक माई लाइब्रेरी'' योजना के तहत छात्र—छात्राओं के लिए लाइब्रेरी संचालित की जा रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सितारगंज के शक्तिफार्म को सिडकुल क्षेत्र से जोड़ने हेतु सिसौना नदी पर लगभग 11 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 150 मीटर स्पान सीसी पुल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पुल के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 50 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा सिडकुल सितारगंज एवं विकासखंड कार्यालय सिसौना तक पहुंचने के लिए लगभग 9 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के साथ—साथ आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।

चमोली

चमोली जिले के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में जिला योजना की बैठक आयोजित की गई। बैठक से वित्तीय वर्ष 2026—27 की वार्षिक जिला योजना के अंतर्गत कुल 74 करोड़ 23 लाख 70 हजार रुपये की योजनाओं को अनुमोदित किया गया। बैठक के दौरान विभागवार प्रस्तावित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं को क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के साथ लागू किया जाए तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बेहतर समन्वय से अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अधूरे एवं गतिमान कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

श्री चौधरी ने जिला प्रशासन द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को जिला योजना में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी वर्ष की योजना जिले के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत अब धीरे खत्म होती जा रही है। पूर्ति विभाग स्थिति को सुधारने में जुटा हुआ है। चारधाम यात्रा मार्गो पर विभाग की तरफ मार्च और अप्रैल में छापे मारी कर स्थिति को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि पहले घरेलू गैस सिलेंडर की ऑन लाइन बुकिंग न होने से आम जनता काफी परेशान नजर आ रही थी, वर्तमान समय में जिसकी ऑन लाइन बुकिंग होगी उसको आसानी से गैस सिलेंडर उपलब्ध हो पा रहा है।

आदि कैलाश

आदि कैलाश ओम पर्वत यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु परिवहन विभाग पिथौरागढ़ द्वारा धारचूला गूंजी यात्रा मार्ग पर व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 80 से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिनमें 12 प्राइवेट वाहनों की भी जांच शामिल रही। जांच के दौरान विभिन्न नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर 32 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई, जबकि 6 वाहनों के आरसी एवं परमिट जब्त किए गए। चेकिंग के दौरान 3 ऐसे वाहन पाए गए जिनके फिटनेस प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक अभिलेख समाप्त हो चुके थे, बावजूद इसके वे

एआरटीओ प्रवर्तन शिवांश कांडपाल ने कहा कि यात्रा सीजन के दौरान बिना वैध अभिलेखों के किसी भी वाहन को यात्रियों के साथ संचालित नहीं होने दिया जाएगा और ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज किया जाएगा।

टिहरी जिले

टिहरी जिले में जिला प्रशासन की अभिनव पहल "माई ब्लॉक माई लाइब्रेरी" युवाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभर रही है। चंबा ब्लॉक सभागार में संचालित लाइब्रेरी में छात्र–छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी के खुलने से स्थानीय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी कम हुआ है।

मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि "माई ब्लॉक माई लाइब्रेरी" योजना के तहत सभी विकासखंड मुख्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र–छात्राओं के लिए लाइब्रेरी संचालित की जा रही हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा राधिका ने बताया कि जिला प्रशासन की इस पहल से छात्र–छात्राएं ब्लॉक मुख्यालय में रहकर ही तैयारी कर रहे हैं।

पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ स्थित हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्र समीर बोहरा ने उज्बेकिस्तान में आयोजित अंडर–15 एशियन बॉक्सिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। 1 से 16 मई तक आयोजित प्रतियोगिता में समीर ने प्री–क्वार्टर फाइनल में चाइनीज ताइपे, क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड और सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के बॉक्सर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में उन्होंने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी और रजत पदक हासिल किया। यह स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है।

....